कानपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

हिन्दुस्तान

व्यापारियों को दिया गया प्रशिक्षण

कानपुर। मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश ने मर्चेंट चेंबर हॉल में 'ट्रेड कनेक्ट पोर्टल' पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम किया। शुभारंभ डीजीएफटी के सहायक महानिदेशक राजन जोशी ने दीप जलाकर किया। संचालन चेंबर सचिव महेंद्र मोदी ने किया। मर्चेंट चेंबर हॉल के निर्यात एवं आयात समिति के अध्यक्ष तरुण गर्ग ने व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा इस पहल का लाभ लेने की अपील की। आलोक श्रीवास्तव, योगेश दुबे, रूफी वाकी, सुशील शर्मा मौजूद रहे।

कानपुर, 18 अप्रैल, 2025 दैनिक जागरण 5

मर्चेंट्स चैंबर हाल में कार्यशाला का उद्घाटन करते विदेश व्यापार महानिदेशालय के सहायक महानिदेशक राजन जोशी। साथ में उपस्थित अन्य अतिथि● जागरण

आनलाइन हासिल कर सकेंगे प्रमाणपत्र

जागरण संवाददाता, कानपुर : निर्यातक अब आनलाइन वस्तु के निर्माण स्थल का प्रमाणपत्र हासिल कर सकते हैं। यह जानकारी सहायक महानिदेशक विदेश व्यापार राजन जोशी ने दी। मर्चेंट्स चैंबर सभागार में मर्चेंट्स चैंबर आफ उत्तर प्रदेश द्वारा ट्रेड कनेक्ट पोर्टल पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम को वह संबोधित कर रहे थे। चैंबर के सचिव महेन्द्र मोदी ने बताया कि अब यह आनलाइन सुविधा चैंबर में भी मिल रही है। निर्यात व आयात समिति के अध्यक्ष तरुण गर्ग ने कहा कि व्यापार में तकनीकी समावेश समय की आवश्यकता है। फिओ के सह निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने सवालों के जवाब दिए।

कानपुर आज शुक्रवार 18 अप्रैल, 2025 सौर

अब ऑनलाइन मिलेगा सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन

एमसीयूपी ने ट्रेड कनेक्ट पोर्टल पर आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि व अन्य।

कानपुर, 17 अप्रैल। मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश (एमसीयूपी) ने ट्रेड कनेक्ट पोर्टल पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सत्र विदेश व्यापार महानिदेशालय (फियो) की डिजिटल पहलों को व्यापारिक समुदाय के बीच प्रसारित करने तथा उन्हें आधुनिक तकनीकी साधनों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फियो के सहायक महानिदेशक राजन जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने ने ट्रे कनेक्ट पोर्टल की कार्यप्रणाली उपयोगिता और सुविधाओं पर विस्तृ प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया भारत माल निर्यात करने के लि सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन एव सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है। य दस्तावेज पहले चैंबर द्वा ऑफलाइन जारी किया जाता थ लेकिन अब यह प्रक्रिया ऑनलाइ हो गयी है। निर्यातक इसे बिना किस परेशानी के अपने कार्यालय बैठकर ऑनलाइन जारी करवा सक हैं। उन्होंने बताया कि यह पोर्ट व्यापारिक संवाद को अधि पारदर्शी, तेज और सरल बनाने सहायक होगा। निर्यात एवं आयात समिति के अध्य तरुण गर्ग ने कहा कि व्यापार में तकनीकी समाव समय की आवश्यकता है। और फियो की यह पह उसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम संचालन चैंबर के सचिव महेंद्र मोदी ने कि कार्यक्रम में फियो के संयोजक आलोक श्रीवास्त निर्यात एवं आयात समिति के एडवाइजर योगेश दु रूफी वाकी, सुशील शर्मा आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

कानपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025 | 13

ट्रेड कनेक्ट पोर्टल की बारीकियां समझाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



वर्कशॉप में भाग लेते उद्यमी और सम्बोधित करते डीजीएफटी राजन जोशी। अमृत वि

अमृत विचार। मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से गुरुवार को प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में उद्यमियों व निर्यातकों को ट्रेड कनेक्ट पोर्टल की बारीकियों को समझाया गया। कार्यक्रम में बेहतर कारोबार के लिए पोर्टल की उपयोगिता भी बताई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत सहायक महानिदेशक डीजीएफटी के राजन जोशी ने किया। कार्यक्रम में निर्यात व आयात समिति के अध्यक्ष तरुण गर्ग भी मौजूद रहे। शिविर में राजन जोशी ने ट्रेड कनेक्ट पोर्टल की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और सुविधाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया भारत से माल निर्यात करने के लिए सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन एक सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह दस्तावेज पहले चैंबर द्वारा ऑफलाइन जारी किया

● मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से शिविर लगा

● बेहतर कारोबार के लिए पोर्टल की उपयोगिता बताई गई

जाता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है। निर्यात इसे बिना किसी परेशानी के अपने कार्यालय में बैठकर ऑनलाइन जारी करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह पोर्टल व्यापारिक संवाद को अधिक पारदर्शी, तेज और सरल बनाने में सहायक होगा। सत्र में प्रश्न-उत्तर सत्र आलोक श्रीवास्तव द्वारा आयोजित किया गया। जिस उपस्थित प्रतिभागियों ने पोर्टल संबंधित अपने व्यावहारिक प्रश्नों उत्तर प्राप्त किए। यह सत्र विषय और गहराई से समझने में सहा साबित हुआ। प्रशिक्षण शिविर में संचालक चैंबर के सचिव महेंद्र मोदी ने किया।